आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. नई दिल्ली विकसित भारत संकल्प सभा में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा संदेश, चुनौतियों से निपटने की क्षमता के साथ तेजी से बदल रहा है भारत।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री विजयपुरम स्थित आईटीएफ ग्राउंड में 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया।
3. आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र में हिंदी पखवाड़ा 2026 का समापन।
4. किसानों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने की पहल, डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान पहचान पत्र बनाने के लिए पंजीकरण शुरू।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दूरदर्शी नीतियों और कड़ी मेहनत के बल पर भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल करेगा। नई दिल्ली में आज विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत में व्यापक बदलाव आया है और देश अब अपनी बढ़ती क्षमता तथा चुनौतियों से निपटने के सामर्थ्य के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज निर्यात, विनिर्माण और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उन्होंने अनुच्छेद 370, नक्सलवाद और आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने में सरकार की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने अपनी 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा को देशवासियों के विश्वास और समर्थन का परिणाम बताया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री को 25 वर्षों की निरंतर और समर्पित जनसेवा पूरी करने पर बधाई दी।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह इकाई द्वारा आज प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में श्री विजयपुरम स्थित आईटीएफ ग्राउंड में 'सेवा ज्योति यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी द्वारा चलाए जा रहे माहभर के 'सेवा संकल्प अभियान' का एक प्रमुख हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष सत्र का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अत्यंत उत्साह के साथ देखा व सुना सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा, आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश आजाद होने के बाद पहली बार किसी व्यक्ति ने सार्वजनिक सेवा व सामाजिक जीवन में अपने 25 वर्ष पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता द्वारा लगातार चुने गए ऐसे पहले नेता हैं जो इतने लंबे समय से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। अंडमान–निकोबार के समस्त नागरिक और कार्यकर्ता अपने यशस्वी व विश्व–विख्यात नेता के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की ईश्वर से कामना करते हैं।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि देश भर के लगभग 700 जिलों में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री और 12 वर्ष देश के प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके और बिना रुके निरंतर जनसेवा की है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार का मुख्य

लक्ष्य 'ज्ञान' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का उत्थान है, जिससे 'विकसित भारत' का संकल्प साकार हो रहा है। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों और आंकड़ों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इनमें उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, जन–धन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पी एम के वी वाई, मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा पी एम श्री स्कूल योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में सांसद विष्णु पद रे, कार्यक्रम संयोजक व युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनसभा और प्रधानमंत्री के लाइव संवाद के तुरंत बाद आईटीएफ ग्राउंड से एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। यह रैली श्री विजया पुरम की मुख्य सड़कों से होती हुई मिडिल पॉइंट स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाजपा भवन पहुँचकर संपन्न हुई।

<><><><><><><><>

आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम में हिंदी पखवाड़ा 2026 का समापन समारोह आज आकाशवाणी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 22 से 30 सितंबर तक सहायक निदेशक (राजभाषा) दीपक चंद्र तिवारी के संयोजन में किया गया। समारोह में अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के कार्मिक, राजस्व, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सहायक सचिव, सामान्य प्रशासन राजेश्वर लाल सम्मानित अतिथि तथा आकाशवाणी, श्री विजयपुरम की सेवानिवृत्त कार्यक्रम अधिशासी मुमताज बानो विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि सतनाम सिंह ने अपने संबोधन में दैनिक कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग को बढ़ावा देने और इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में हिंदी ने अपना एक अलग स्वरूप विकसित किया है। यह हिंदी बोलने और सुनने, दोनों में अनूठी और आकर्षक लगती है। उन्होंने कहा कि–

इस अवसर पर हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह की अध्यक्षता उप महानिदेशक (इंजीनियर), क्लस्टर प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख सी. सुब्बा राव ने की।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग द्वारा केंद्र सरकार के डिजिटल कृषि मिशन और एग्रीस्टैक पहल के तहत किसानों के पंजीकरण के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसानों का किसान पहचान पत्र बनाया जाएगा, जिससे वे विभिन्न कृषि योजनाओं, लाभों और सेवाओं का आसानी से लाभ उठा सकेंगे। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसान पहचान पत्र, भूमि के स्वामित्व या कब्जे का प्रमाण नहीं होगा और इससे मौजूदा भूमि अभिलेखों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। विभाग ने पात्र किसानों से निर्धारित माध्यम से पंजीकरण कराने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।

<><><><><><><><>